Drishti IAS



# करेंट अफेयर्स हरियाणा

## दिसंबर 2023

(संग्रह)

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry (English): 8010440440, Inquiry (Hindi): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

# अनुक्रम


**हरियाणा** **4**

- मुख्यमंत्री ने फतेहपुर बिलोच गाँव से विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा की शुरुआत की 4
- राज्यपाल ने किया 'अतुल्य हरियाणा' पुस्तक का विमोचन 5
- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये हरियाणा रजत पदक से अलंकृत 6
- प्रदेश में स्थापित किये जाएंगे 6 नए फास्ट ट्रैक कोर्ट 6
- हरियाणा सरकार ने सोनीपत ज़िले में 2 नए पुलिस स्टेशनों को मंज़ूरी दी 7
- पुलिस महानिदेशक ने सोनीपत में प्रदेश की पहली ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन किया 8
- मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का किया शुभारंभ 9
- सीडीएलयू में यूआईटीडीसी सेंटर का उपमुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन 10
- जींद ज़िले के लिये 590 करोड़ रुपए की कुल 39 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास 11
- भिवानी का आरओबी निर्माण हेतु रेलवे को सौंपा 12
- हज यात्रा-2024 के लिये 20 दिसंबर, 2023 तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन 13
- धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में 7 से 24 दिसंबर तक मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 14
- उत्कृष्टता को पहचानने और पुरस्कृत करने के लिये 'सुशासन पुरस्कार योजना' की शुरुआत 16
- मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी कनेक्टिविटी के लिये गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड लॉन्च 17
- राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार-2023 के लिये हरियाणा चयनित 19


**नोट :**

दृष्टि The Vision

- साइबर फ्रॉड पर नकेल कसने के लिये देश के 7 राज्यों में 50 हॉटस्पॉट क्षेत्रों की तैयार की गई सूची 20
- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय एवं रेखी फाउंडेशन के बीच हुआ समझौता 21
- हरियाणा पुलिस द्वारा राज्य में ऑपरेशन आक्रमण किया गया संचालित 23
- नरवाना के गैबी साहिब मंदिर तालाब को बनाया जाएगा ऐतिहासिक धरोहर 24
- हरियाणा लोक सेवा आयोग की सदस्य बनीं डॉ. सोनिया त्रिखा 25
- हरियाणा को ऊर्जा दक्षता सूचकांक में देशभर में मिला दूसरा पुरस्कार 26
- हरियाणा ग्रुप-डी कर्मचारियों के लिए संशोधित स्थानांतरण नीति घोषित 27
- नई शिक्षा नीति-2020 को 2025 तक पूरे प्रदेश में लागू करने का लक्ष्य 29
- हरियाणा पुलिस और एचएसएनसीबी अत्याधुनिक अनूठी पहल हैकाथॉन की घोषणा 29
- हरियाणा में महिलाओं के विरुद्ध अपराध में 12% की कमी 31
- हरियाणा 55000 से अधिक मोबाइल नंबर ब्लॉक करने वाला देश का पहला राज्य 32
- राष्ट्रीय खेल सम्मान से अलंकृत होंगे मध्य प्रदेश के 3 खिलाड़ी और 1 प्रशिक्षक 34
- जल महोत्सव का 8वां संस्करण 35
- कुलपति डॉ. राज नेहरू को मिलेगा नेशनल अवार्ड 36
- हरियाणा के 3 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 के लिए हुआ चयन 36
- ड्रोन: भूमि का मानचित्रण, अपराधों से लड़ना और कृषि को बढ़ावा देना 37
- अवैध आप्रवासन और मानव तस्करी के मामले 38
- कार्योत्तर पर्यावरणीय मंज़ूरी प्राप्त करने वाली हरियाणा की पहली परियोजना 39
- सतलज-यमुना लिंक नहर 40


नोट :

# हरियाणा

## मुख्यमंत्री ने फतेहपुर बिलोच गाँव से विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा की शुरुआत की

### चर्चा में क्यों ?

30 नवंबर, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ज़िला फरीदाबाद के फतेहपुर बिलोच गाँव से वैन को हरी झंडी दिखाकर विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा की शुरुआत की।

### प्रमुख बिंदु

- इस यात्रा का उद्देश्य केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाना और अंत्योदय की भावना से समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति का उत्थान सुनिश्चित करना है।
- एलईडी वैन के माध्यम से यह यात्रा सभी ज़िले के प्रत्येक गाँव में जाएगी और यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया जाएगा।
- गाँवों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के दौरान नागरिकों को 2047 तक भारत को विकसित बनाने में अपना योगदान देने व आत्मनिर्भर बनने की संकल्प शपथ भी दिलाई जाएगी।
- एलईडी वैन के माध्यम से देश व प्रदेश की प्रगति की लघु फिल्म भी दिखाई जाएगी और लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुति भी दी जाएगी। इसके अलावा उत्कृष्ट कार्य करने वाले या विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले व्यक्तियों-होनहार खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।
- कार्यक्रम के दौरान 'मेरी कहानी-मेरी जुबानी' के माध्यम से योजनाओं का लाभ ले चुके लोग बताएंगे कि उन्होंने किस प्रकार से योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन स्तर को ऊँचा उठाया है।



# राज्यपाल ने किया 'अतुल्य हरियाणा' पुस्तक का विमोचन

## चर्चा में क्यों ?

29 नवंबर, 2023 को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने डॉ. कृष्ण कुमार द्वारा लिखित पुस्तक 'अतुल्य हरियाणा' का हरियाणा राजभवन में विमोचन किया।

### प्रमुख बिंदु

- 'अतुल्य हरियाणा' पुस्तक के लेखक डॉ. कृष्ण कुमार मूल रूप से ज़िला महेंद्रगढ के गाँव झगडोली के रहने वाले हैं।
- पुस्तक का विमोचन करते हुए राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि यह पुस्तक हरियाणा के बारे में जानने और समझने का अच्छा स्रोत साबित होगी।
- अतुल्य हरियाणा पुस्तक हरियाणा की संस्कृति, इतिहास, कला और विकास पर लिखी गई है।
- पुस्तक के लेखक डॉ. कृष्ण कुमार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार हैं और इससे पहले भी उनकी तीन पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।
- डॉ. कृष्ण कुमार को हरियाणा की लोक विधाओं पर काम करने के लिये संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार से सीनियर फैलोशिप मिल चुकी है और वे शांतिदूत दलाई लामा से भी सम्मानित किये जा चुके हैं।




नोट :

## अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये हरियाणा रजत पदक से अलंकृत

### चर्चा में क्यों ?

27 नवंबर, 2023 को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 42वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये स्वच्छ मंडप (राज्य) श्रेणी में हरियाणा को रजत पदक से अलंकृत किया गया है।

### प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि व्यापार मेला आयोजन के इतिहास में हरियाणा को पहली बार पुरस्कार प्राप्त हुआ है।
- मेले के समापन समारोह में केंद्र सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत गठित भारतीय व्यापार प्रोत्साहन संगठन के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला ने हरियाणा को रजत पदक प्रदान किया। हरियाणा की ओर से ट्रेड फेयर अथॉरिटी ऑफ हरियाणा के महाप्रबंधक अनिल चौधरी ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।
- हरियाणा मंडप लगभग 600 वर्ग मीटर में बनाए गए मंडप में कुल 51 स्टॉल लगाए गए। पूरे क्षेत्र का समुचित उपयोग करते हुए प्रदेश में निर्मित वस्तुओं का सही ढंग से प्रदर्शन करने के साथ-साथ स्वच्छता पर भी पूरा ध्यान दिया गया था।
- इसके अलावा, प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पाद, जैसे- आंवला से निर्मित उत्पाद, हर्बल प्रोडक्ट, बासमती चावल, हथकरघा उत्पाद, अचार, मुरब्बा, जूतियाँ, मानसिक शांति के उपाय बताने वाला फरीदाबाद का ध्यान कक्ष, सहकारिता आंदोलन की प्रगति के पर्याय बने हैफेड और वीटा के स्टॉल आगंतुकों को अपनी ओर खींच रहे थे।
- उल्लेखनीय है कि व्यापार मेला प्रगति मैदान के भारत मंडपम में 14 से 27 नवंबर, 2023 तक आयोजित किया गया था

## प्रदेश में स्थापित किये जाएंगे 6 नए फास्ट ट्रैक कोर्ट

### चर्चा में क्यों ?

29 नवंबर, 2023 को प्रदेश के विभिन्न न्यायालयो में महिलाओं के विरूद्ध अपराध, जैसे- बलात्कार, छेड़छाड़ तथा मानसिक उत्पीड़न से संबंधित लंबित मामलों की सुनवाई के लिये 6 नए फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।

### प्रमुख बिंदु

- प्रत्येक ज़िला जहाँ उपरोक्त वर्णित श्रेणियों के 50 से अधिक मामले कोर्ट में लंबित है, वहाँ पर फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।
- प्रदेश के फरीदाबाद में दो तथा गुरुग्राम, पानीपत, सोनीपत तथा नूह ज़िला में 1-1 फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित की जाएगी।
- हरियाणा पुलिस अकादमी में महिला जाँच अधिकारियों के लिये नियमित तौर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा रिफ्रेशर कोर्सेज कराए जा रहे हैं ताकि वे न केवल कानूनी प्रावधानों में हुए नए संशोधनों के बारे में अपडेटेड रहे, बल्कि मामले की प्रभावी तथा समयबद्ध तरीके से जाँच कर सके।
- सीन ऑफ क्राइम टीम द्वारा घटनास्थल से वैज्ञानिक तरीके से आवश्यक साक्ष्य जुटाने के लिये सभी ज़िलों में जाँच अधिकारियों को इन्वेस्टिगेशन किट उपलब्ध करवाई गई है। यह इन्वेस्टिगेशन किट वैज्ञानिक तरीके से काफी उच्चतर है, जिससे जाँच प्रक्रिया को और अधिक निष्पक्ष बनाया जा सकता है।
- महिला सुरक्षा की डीआईजी नाजनीन भसीन ने बताया कि महिला विरुद्ध अपराधों की मॉनिटरिंग को लेकर प्रदेश के प्रत्येक ज़िले में डीएसपी स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। महिला सुरक्षा को लेकर प्रदेश में 2 लाख से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।
- आपराधिक कानून संशोधन-2018 के अनुसार 12 वर्ष से कम आयु की लड़की के साथ बलात्कार होने पर मामले की जाँच 2 महीने की समयावधि में पूरे किये जाने का प्रावधान किया गया है। इस मामले में दोषी पाए जाने पर अधिकतम मृत्यु दंड का प्रावधान किया गया है।






## हरियाणा सरकार ने सोनीपत ज़िले में 2 नए पुलिस स्टेशनों को मंज़ूरी दी


### चर्चा में क्यों ?

29 नवंबर, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोनीपत ज़िले के गाँव बरोटा और फरमाणा में 2 नए पुलिस स्टेशनों की स्थापना के लिये प्रशासनिक मंज़ूरी दी है।

### प्रमुख बिंदु

- गृह विभाग ने कुल क्षेत्रफल और जनसंख्या सहित भौगोलिक और जनसांख्यिकीय कारकों पर विचार करके पुलिस स्टेशन स्थापित करने का निर्णय लिया है, जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र के निवासियों के लिये सुरक्षा बढ़ाना है।
- खरखौदा थाने के अंतर्गत आने वाले गाँव महीपुर, फरमाणा, निजामपुरा माजरा, मौजमनगर, रिढाऊ, गोरड़, बिधलाना, सिलाना गाँव को नए प्रस्तावित फरमाणा थाने में शामिल किया गया है।

- इसी प्रकार खरखौदा थाने के अंतर्गत आने वाले गाँव मंडोरा, मंडौरी, हलालपुर, तुर्कपुर, झिंझौली को बरोटा थाने में शामिल किया गया है।
- बरोटा में स्थापित होने वाला नया पुलिस स्टेशन लगभग 58,100 लोगों को सेवा प्रदान करेगा, जबकि फरमाणा पुलिस स्टेशन पर करीब 77,951 लोगों की सुरक्षा का ज़िम्मा रहेगा।




## पुलिस महानिदेशक ने सोनीपत में प्रदेश की पहली ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन किया

### चर्चा में क्यों?

30 नवंबर, 2023 को हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने सोनीपत ज़िला में प्रदेश की पहली पुलिस ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस दौरान विभिन्न सरकारी व डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों के अलावा डी.ए.वी. पुलिस पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

### प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा कि ई-लाइब्रेरी बनने से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से लाभ होगा। यहाँ उपलब्ध करवाई जाने वाली पाठ्यसामग्री से विद्यार्थियों को सीखने तथा जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।
- उन्होंने कहा कि यह ई-लाइब्रेरी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिये एक मंच है, जहाँ वे कई भाषाओं में ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं।
- गौरतलब है कि हरियाणा पुलिस द्वारा सोनीपत ज़िले में स्थापित की गई, यह पहली बड़ी ई-लाइब्रेरी है। इस ई-लाइब्रेरी के माध्यम से यूपीएससी, एनडीए, सीडीएस, बैंकिंग और अन्य प्रतिस्पर्द्धी परीक्षाओं के उम्मीदवारों को काफी लाभ होगा।
- यह ई-लाइब्रेरी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है, जहाँ विभिन्न विषयों की मानक पुस्तकों, पत्रिकाओं, ग्लोब, मानचित्र और मानक शब्दकोषों सहित अन्य पाठ्यसामग्री को रखा गया है। इस ई-लाइब्रेरी में नई तकनीक से सुसज्जित फोटो स्टूडियो के अलावा भाषा कक्ष, कॉन्फ्रेंस हॉल, अतिथि कक्ष भी बनाया गया है।




## मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का किया शुभारंभ

### चर्चा में क्यों ?

4 दिसंबर, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में वैश्विक खाद्य-पोषण सुरक्षा, स्थिरता और स्वास्थ्य के लिये रणनीति विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया।

### प्रमुख बिंदु

- इस दौरान मुख्यमंत्री को अवगत करवाया गया कि विश्वविद्यालय में युवा उद्यमियों के स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिये एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित किया गया है।
- इस सेंटर के माध्यम से गत 4 वर्षों में 6 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध करवाकर 100 स्टार्टअप शुरू करवाए जा चुके हैं। इन स्टार्टअप्स के माध्यम से टिश्यू कल्चर तकनीक से केला, गन्ना की बेहतरीन किस्म तैयार करना तथा मोटे अनाज से तैयार खाद्य उत्पाद तैयार किये गए हैं।
- इसके बाद मुख्यमंत्री ने 14 देशों की प्रसिद्ध शोध संस्थाओं से आए प्रख्यात वैज्ञानिकों के साथ बैठक भी की। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश ने कृषि क्षेत्र में शानदार उपलब्धियाँ हासिल की है। यहाँ के कृषि उत्पाद का निर्यात देश व दुनिया के कई देशों में हो रहा है। अब उत्पादन के साथ-साथ इसकी गुणवत्ता बढ़ाने के लिये दुनिया के कई देशों के साथ राज्य सरकार द्वारा काम किया जा रहा है।
- गौरतलब है कि विश्वविद्यालय के कुलपति एवं सम्मेलन के मुख्य संरक्षक प्रो. बी.आर. कांबोज के नेतृत्व में विश्वविद्यालय में 4 से 6 दिसंबर तक तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, कज़ाखस्तान, जापान, मिस्र, फ्रॉंस, जर्मनी, ट्यूनीशिया, ब्राज़ील, मोरक्को सहित 15 देशों के 900 वैज्ञानिक व शोधार्थी भाग ले रहे हैं।
- सम्मेलन के प्रारंभिक सत्र में फ्रॉंस के आईपीसीसी नोबेल पुरस्कार के सह-विजेता प्रोफेसर आर्थर सी. रिडेकर व अमेरिका की टेक्सास ए एंड एम, विश्वविद्यालय के संकाय फेलो प्रोफेसर सर्जिओ सी. कापारेडा ने तकनीकी विषयों पर अपना व्याख्यान दिया।

नोट :






## सीडीएलयू में यूआईटीडीसी सेंटर का उपमुख्यमंत्री ने किया उद्‌घाटन

### चर्चा में क्यों ?

4 दिसंबर, 2023 को हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय (सीडीएलयू) सिरसा में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित करते हुए महत्त्वाकांक्षी यूआईटीडीसी सेंटर का शुभारंभ किया।

### प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर दुष्यंत चौटाला ने संबोधन में कहा कि इस प्रकार का अत्याधुनिक आईटी सेंटर स्थापित करने वाला चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय है।
- इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक ने कहा कि भारत के उपप्रधानमंत्री चौधरी देवी लाल के नाम से बने इस विश्वविद्यालय ने इस क्षेत्र की उच्चतर शिक्षा संबंधित ज़रूरतों को पूरा करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

नोट :

- सीडीएलयू प्रांगण में लगभग 9.80 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से यूनिवर्सिटी आईटी डेटा एंड कंप्यूटर सेंटर का निर्माण किया गया है।
- इस भवन में 20 कमरे हैं तथा 7 कंप्यूटर लैब, सिस्टम एनालिस्ट रूप, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम, हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेयर स्टोर आदि की व्यवस्था है।
- सेंटर में करीब 350 कंप्यूटर स्थापित होंगे, जिससे विश्वविद्यालय का पूर्ण रूप से डिजिटलाइजेशन करने का सपना भी पूरा होगा और विद्यार्थियों को फायदा होगा। विश्वविद्यालय एनटीए (नेशनल टैस्टिंग एजेंसी) का सेंटर स्थापित करने की प्रक्रिया भी पूरी होने वाली है।
- यूआईटीडीसी डायरेक्टर प्रो. सुशील कुमार ने कहा कि इस सेंटर से विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने में मदद मिलेगी।




## जींद ज़िले के लिये 590 करोड़ रुपए की कुल 39 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

### चर्चा में क्यों?

4 दिसंबर, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जींद ज़िले के लिये कुल 590 करोड़ रुपए की 39 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इनमें लगभग 51 करोड़ रुपए की 8 परियोनाओं का उद्घाटन व 539 करोड़ रुपए की 31 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

### प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने जींद ज़िले को बड़ी सौगात देते हुए जींद शहर में पेयजल आपूर्ति में संवर्द्धन के लिये नरवाना ब्रॉन्च से भाखड़ा मेन लाइन का पानी उपलब्ध करवाने के लिये 388 करोड़ रुपए की लागत से नहर आधारित पेयजल आपूर्ति परियोजना का शिलान्यास किया।
- मुख्यमंत्री ने लगभग 15 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित नगर परिषद कार्यालय भवन का उद्घाटन किया।
- 3 करोड़ 53 लाख रुपए की लागत से जींद- हांसी सड़क के चौड़ाकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य, 2 करोड़ 52 लाख रुपए की लागत से जींद-भिवानी सड़क की विशेष मरम्मत, 7 करोड़ 88 लाख रुपए की लागत से कालवा-कालावटी-भुटानी-हाट सड़क की विशेष मरम्मत कार्य का उद्घाटन किया।
- साथ ही 5 करोड़ 79 लाख रुपए की लागत से कुरड़ वाया मलार, रोजला सड़क के चौड़ाकरण व सुदृढ़ीकरण, 7 करोड़ 11 लाख रुपए की लागत से पिल्लूखेड़ा मंडी से भेरों खेड़ा-धड़ौली-भरताना-ललित खेड़ा सड़क का सुधार कार्य का भी उद्घाटन किया।

नोट :

- इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने आसन व शिवा गाँव में सुचारू पेयजल आपूर्ति के लिये आसन गाँव वॉटर वर्क्स के निर्माण कार्य का भी उद्घाटन किया। इस पर लगभग 5 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत आएगी।




## भिवानी का आरओबी निर्माण हेतु रेलवे को सौंपा

### चर्चा में क्यों?

5 दिसंबर 2023 को हरियाणा जनसंपर्क विभाग से मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा सरकार और सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से भिवानी शहर में एनएच-709 पर रेलवे आरडी 81/0-1 पर स्थित मौजूदा टू-लेन रेलवे ओवरब्रिज बनाया जाएगा।

### प्रमुख बिंदु

- 5 दिसंबर, 2023 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और रेल विभाग के साथ सहयोगात्मक प्रयास की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है।
- इस संबंध में जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मौजूदा 2-लेन रेलवे ओवरब्रिज खंडहर स्थिति में हो गया है, इसी को ध्यान में रखते हुए वर्तमान में इस आरओबी का निर्माण करने की आवश्यकता है।
- सरकार ने इस आरओबी को रेलवे के हैंडओवर के करने लिये आवश्यक शर्तें निर्धारित की हैं, जिनमें रास्ते के अंदर अतिक्रमण को हटाने और क्षेत्र में वर्षा जल के उचित निपटान को सुनिश्चित करना शामिल है।
- प्रवक्ता ने बताया कि मंत्रालय की 2015 की नीति के अनुसार बाईपास इस बात पर बल देता है कि यह बाईपास राष्ट्रीय राजमार्ग का लंबे समय तक राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क का हिस्सा नहीं होगा।
- इसलिये इसके निर्माण की राज्य सरकार की ज़िम्मेदारी बनती है। चूँकि भिवानी बाईपास पहले से ही चालू है, इसलिये बाईपास वाले हिस्से के सुधार और रखरखाव की ज़िम्मेदारी राज्य सरकार की है।





## हज यात्रा-2024 के लिये 20 दिसंबर, 2023 तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

### चर्चा में क्यों ?

5 दिसंबर, 2023 को अखिल भारतीय हज कमेटी ने वर्ष 2024 के दौरान प्रदेश से हज जाने के इच्छुक हाजियों के पंजीकरण के लिये हरियाणा राज्य हज कमेटी के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये हैं। हज यात्रा करने के इच्छुक हज यात्री 20 दिसंबर, 2023 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### प्रमुख बिंदु

- हज नीति-2024 के अनुसार महिला व 70 वर्ष से अधिक आयु के आवेदक के साथ यदि दोबारा से कोई नजदीकी रिश्तेदार जाना चाहता है तो उसे अतिरिक्त राशि अदा करने पर ही यात्रा की अनुमति दी जाएगी।
- हज नीति-2024 के अनुसार 70 वर्ष की आयु से अधिक आवेदक को प्राथमिकता दी जाएगी तथा सामान्य श्रेणी में यदि आवेदन निर्धारित कोटे से अधिक प्राप्त होते हैं तो आवेदन पत्रों का चयन कंप्यूटराइज ड्रा के माध्यम से किया जाएगा।
- गर्भवती महिला कुछ शर्तों के अनुसार हज यात्रा कर सकती है। महिला आवेदक, जिनकी आयु 45 वर्ष से अधिक हो, वह चार महिलाओं के समूह में जा सकेंगी।
- वह आवेदक, जिसकी वित्तीय स्थिति अच्छी हो, शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ हों, के पास मशीन रीडेबल वैध भारतीय अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट 31 जनवरी, 2025 तक वैध हो, आवेदन कर सकता है।
- निर्धारित दस्तावेजों के साथ आवेदन अखिल भारतीय हज कमेटी की वेबसाइट https://hajcommittee.gov.in व मोबाईल ऐप 'Haj Suvidha' पर किये जा सकते हैं।
- हज आवेदक आवेदन हेतु कोई कठिनाई या असुविधा महसूस करने पर हरियाणा हज कमेटी के फोन नंबर 0172-2996270 या अखिल भारतीय हज कमेटी के फोन नंबर 022-22107070 पर संपर्क कर सकते हैं।
- हरियाणा राज्य से जाने वाले हज यात्रियों की सुविधा के लिये इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा नई दिल्ली से उड़ान सुनिश्चित की गई है।
- भारत सरकार का महावाणिज्य दूतावास, जैद्दा (सउदी अरबिया) द्वारा हज यात्रा के दौरान यात्रियों के रहने का प्रबंध किया जाएगा।



## धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में 7 से 24 दिसंबर तक मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव

### चर्चा में क्यों ?

5 दिसंबर, 2023 को हरियाणा जनसंपर्क विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 7 से 24 दिसंबर, 2023 तक अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रीमद्भगवद्गीता का शास्वत संदेश दिया जाएगा।

### प्रमुख बिंदु

- हरियाणा सरकार द्वारा गीता महोत्सव को कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2016 से मनाया जा रहा है।
- वर्ष 2019 में यह महोत्सव देश से बाहर मॉरीशस तथा लंदन में भी मनाया गया। सितंबर, 2022 में यह कनाडा में भी आयोजित किया गया। इस साल अप्रैल माह में भी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव आस्ट्रेलिया में आयोजित किया गया। वर्ष 2024 में अमेरिका में भी इस महोत्सव के आयोजन का निमंत्रण मिला है।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि 17 दिसंबर से मुख्य कार्यक्रम का आयोजन होगा। उस दिन उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ब्रह्म सरोवर पर गीता यज्ञ एवं पूजन से इस महोत्सव का विधिवत शुभारंभ करेंगे।
- इसके पश्चात् वे इसी दिन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी का शुभारंभ भी करेंगे। यह संगोष्ठी 19 दिसंबर तक चलेगी।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ मेले की तर्ज़ पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के लिये अलग से मेला अथॉरिटी बनाई जाएगी, जो अपने स्तर पर इसका आयोजन करेगी। सरकार की ओर से एक मेला अधिकारी तैनात किया जाएगा, जो सरकार की ओर से की जाने वाली व्यवस्थाओं को देखेगी।
- महोत्सव में हरियाणा के लोकनृत्य, शिल्प, लघुउद्योग, खान-पान इत्यादि से संबंधित हरियाणा पैवेलियन लगेगा, जिससे महोत्सव में आने वाले पर्यटक एवं तीर्थयात्री हरियाणा की संस्कृति से रूबरू हो सकेंगे।

नोट :

- मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 और 23 दिसंबर को 2 दिन हर ज़िले में गीता उत्सव के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।
- मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि 23 दिसंबर को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 48 कोस कुरुक्षेत्र के तीर्थों पर एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें कुरुक्षेत्र भूमि के 164 तीर्थ समितियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। तीर्थ प्रतिनिधि अपने तीर्थ की मिट्टी एवं जल भी लेकर आएंगे, जिससे बाद में भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा बनाई जाएगी।




## मुख्यमंत्री ने रोहतक में भारत के पहले एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के साथ 3.8 किमी. लंबी नई सड़क के निर्माण को दी मंज़ूरी

### चर्चा में क्यों?

6 दिसंबर, 2023 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा में कनेक्टिविटी और ढाँचागत विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए रोहतक ज़िले में 315 करोड़ रुपए की लागत से बनाई गई एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के साथ-साथ एक नई सड़क के निर्माण के लिये 21.27 करोड़ रुपए की प्रशासनिक मंज़ूरी दी है।

### प्रमुख बिंदु


- एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह 3790 मीटर लंबाई और 5.5 मीटर चौड़ाई वाली महत्त्वाकांक्षी परियोजना 9 महीने में पूरी हो जाएगी और रोहतक के निवासियों के लिये निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।
- रोहतक की चिन्योट कॉलोनी से शुरू होकर सेक्टर-6 तक जाने वाली इस नई सड़क से 50,000 से अधिक लोगों को लाभ होगा।
- यह गांधी कैंप, झंग कॉलोनी, मानसरोवर कॉलोनी, सुभाष नगर, किशनपुरा, मॉडल टाउन, लक्ष्मी नगर, कबीर कॉलोनी, विशाल नगर, सेक्टर-5 और सेक्टर-6 सहित विभिन्न कॉलोनियों को आपस में जोड़ेगा।
- विदित हो कि रोहतक में 3.8 किमी. लंबा एलिवेटेड ट्रैक भारत का पहला ट्रैक था, जिसे रेल मंत्रालय द्वारा 315 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया था, जिसमें से 225 करोड़ रुपए राज्य के हिस्से से दिये गए थे।



## उत्कृष्टता को पहचानने और पुरस्कृत करने के लिये 'सुशासन पुरस्कार योजना' की शुरुआत

### चर्चा में क्यों?

6 दिसंबर, 2023 को हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने बताया कि राज्य सरकार ने 'हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना 2023' को अधिसूचित किया है।



#### प्रमुख बिंदु

- मुख्य सचिव ने बताया कि 'हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना' विशिष्ट उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है, जिसमें सुशासन में उत्कृष्ट योगदान की पहचान और पुरस्कृत करना शामिल है।
- यह योजना राज्य सरकार के विभागों, बोर्डों, निगमों, वैधानिक प्राधिकरणों, मिशन, सोसायटियों, संस्थानों, विश्वविद्यालयों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में ग्रुप ए, बी, सी और डी में सभी कर्मचारियों व अधिकारियों पर लागू होगी।
- इस योजना में प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों और कॉन्ट्रैक्ट पर लगे कर्मियों को शामिल नहीं किया गया है।
- यह पुरस्कार राज्य और ज़िला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर दिये जाएंगे।
- राज्यस्तरीय फ्लैगशिप पुरस्कार योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा लागू प्रमुख योजनाओं में असाधारण योगदान पर दिये जाएंगे। विजेता टीमों को ट्रॉफी, प्रशंसा-पत्र और प्रत्येक फ्लैगशिप योजना के लिये 51,000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इस पुरस्कार को टीम के सदस्यों के बीच समान रूप से वितरित किया जाएगा, जिसमें रैंक या पद मायने नहीं होगा।
- राज्यस्तरीय पुरस्कार के तहत विभिन्न पहलुओं और योजनाओं में असाधारण प्रदर्शन करने वालों को प्रदान किया जाएगा। विजेता टीमों को ट्रॉफी, प्रशंसा प्रमाण-पत्र और नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसमें पहला पुरस्कार 51,000 रुपए, दूसरा पुरस्कार 31,000 रुपए और तीसरा पुरस्कार 21,000 रुपए का होगा। फ्लैगशिप स्कीम अवाड्‌र्स के साथ नकद इनाम टीम के सदस्यों के बीच समान रूप से वितरित किया जाएगा।
- ज़िला स्तर पर अनुकरणीय योगदान करने पर ज़िला स्तरीय पुरस्कार दिया जाएगा। विजेता टीमों को ट्रॉफी, उपायुक्त की सिफारिश के आधार पर प्रशंसा-पत्र और टीम के सदस्यों के बीच समान रूप से 31,000 रुपए का प्रथम पुरस्कार, 21,000 रुपए का दूसरा पुरस्कार और 11,000 रुपए का तीसरा पुरस्कार दिया जाएगा।

- पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिये, ज़िला स्तरीय पुरस्कारों के लिये ट्राफियाँ और प्रशंसा-पत्र ज़िले के उपायुक्त की सिफारिश पर एवं राज्य स्तर पर छह पुरस्कार और असाधारण प्रदर्शन के लिये तीन पुरस्कार दिये जाएंगे।
- आवेदक अपने आवेदन अधिकार प्राप्त समिति या 'ज़िला स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति' को प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर, 2023 है। सुशासन दिवस पर 25 दिसंबर, 2023 को पुरस्कार समारोह आयोजित किया जाएगा।

# मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी कनेक्टिविटी के लिये गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड लॉन्च

## चर्चा में क्यों?

7 दिसंबर, 2023 को हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल, जो हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन भी हैं, ने बताया कि मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी गुरुग्राम परियोजना तक मेट्रो कनेक्टिविटी लागू करने के लिये गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड लॉन्च किया गया है।

### प्रमुख बिंदु

- मिलेनियम सिटी सेंटर से सुभाष चौक, रेलवे स्टेशन, रेजांगला चौक से साइबर सिटी तक पूर्ण सर्कल में जोड़ने वाला गोलाकार गतिशील गलियारा बनेगा। इसे नई कंपनी (गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड) द्वारा संभाला जाएगा, जिसका नेतृत्व केंद्रीय शहरी विकास सचिव करेंगे। इसमें भारत सरकार और हरियाणा सरकार का 50 प्रतिशत संयुक्त उद्यम होगा।
- सभी आगामी परियोजनाएँ नई कंपनी द्वारा कार्यान्वित की जाएंगी, जबकि मौज़ूदा रैपिड मेट्रो परियोजना एचएमआरटीसी द्वारा निपटाई जाएगी।
- अनुमानित 5452.72 करोड़ रुपए की लागत की परियोजना 27 स्टेशनों के साथ 28.50 किमी. तक फैली होगी। इसकी भू-तकनीकी जाँच और डिजाइन परामर्श सहित पूर्व-निर्माण गतिविधियों की प्रक्रियाएँ पहले ही शुरू की जा चुकी हैं।
- रैपिड मेट्रो गुरुग्राम में पिछले वर्ष की अवधि की तुलना में सवारियों की संख्या में 35.54 प्रतिशत की वृद्धि हुई है तथा यह संख्या 80,13,765 यात्रियों तक पहुँच गई है, जबकि पिछले वर्ष में यह संख्या 59,12,457 थी।
- वाटिका चौक से पंचगाँव तक मेट्रो कनेक्टिविटी परियोजना में 30 किमी. के गलियारे की कल्पना की गई है, जिसमें मैसर्स राइट्स को सलाहकार नियुक्त किया गया है।
- मुख्यमंत्री मनोहर लाल की घोषणा के बाद, बल्लभगढ़ से पलवल तक मेट्रो कनेक्टिविटी का विस्तार शुरू हो गया है। अस्थायी गलियारे की लंबाई 25 किमी. और 10 प्रस्तावित स्टेशनों के साथ तकनीकी व्यवहार्यता का अध्ययन किया जा रहा है, जो इस विस्तार को क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाने में एक महत्त्वपूर्ण कड़ी के रूप होगा।






## हरियाणा में कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व ( सीएसआर ) के तहत पिछले तीन वर्षों में 1,457.13 करोड़ रुपए से अधिक किये गए खर्च

### चर्चा में क्यों ?

7 दिसंबर, 2023 को हरियाणा के सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा निदेशालय द्वारा मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा ने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत पिछले तीन वर्षों में 1,457.13 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किये गए हैं। इसमें शिक्षा के लिये 538.85 करोड़ रुपए का महत्त्वपूर्ण आवंटन भी शामिल है।

### प्रमुख बिंदु

- इसमें सीएसआर निधियों के उपयोग के माध्यम से प्रत्येक क्षेत्र के लिये प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान करना और उन्हें सुविधाजनक बनाना शामिल है।
- सीएसआर परियोजनाओं व पहलों तथा उनके निष्पादन, पूरा होने की समय सीमा के आधार पर दो श्रेणियों को रेखांकित किया गया है। श्रेणी 1 में ऐसी परियोजनाएँ हैं, जिन्हें चालू वित्त वर्ष (31 मार्च, 2024 तक) के भीतर लागू किया जा सकता है।
- श्रेणी 2 में ऐसी परियोजनाएँ शामिल की गई हैं, जो एक से दो साल के भीतर निष्पादित की जा सकती हैं और चरणों में लागू की जाएंगी।
- हरियाणा राज्य सीएसआर ट्रस्ट (एचएससीएसआरटी) के पास एक समर्पित वेब पोर्टल है, जहाँ सभी सरकारी विभाग और ज़िले अपनी संभावित सीएसआर परियोजनाओं को प्रस्तुत कर सकते हैं। ये प्रस्तुतियाँ एचएससीएसआरटी, सरकारी विभागों और कॉर्पोरेट भागीदारों को दिखाई देती हैं, जो एचएससीएसआरटी को ईमेल के माध्यम से अपनी संभावित परियोजनाओं का प्रस्ताव भी दे सकते हैं।
- पहचान किये गए सीएसआर क्षेत्रों में भूख, गरीबी और कुपोषण को समाप्त करना, स्वास्थ्य देखभाल, निवारक स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देना, स्वच्छता और सुरक्षित पेयजल प्रदान करना, शिक्षा, व्यावसायिक कौशल और आजीविका के माध्यम से सशक्त बनाना शामिल है।

नोट :





Haryana Chief Secretary Mr. Sanjeev Kaushal presiding over a meeting regarding the submission of Prospective projects of Government Departments to Haryana State CSR Trust at Chandigarh on December 7, 2023.

## राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार-2023 के लिये हरियाणा चयनित

### चर्चा में क्यों?

10 दिसंबर, 2023 को राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक में बेहतरीन प्रदर्शन के चलते हरियाणा का चयन राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (एनईसीए) 2023 के लिये किया गया है।



### प्रमुख बिंदु

- हरियाणा को राज्य ऊर्जा दक्षता प्रदर्शन पुरस्कार (समूह 1) क्षेत्र में द्वितीय पुरस्कार के विजेता के रूप में चुना गया है।
- नेशनल एनर्जी कंजर्वेशन अवॉर्ड का मुख्य उद्देश्य आदर्श ऊर्जा प्रबंधन की पहचान और प्रोत्साहन करना है, जिससे सामाजिक और आर्थिक लाभ हो सके।
- यह पुरस्कार 14 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा हरियाणा को दिया जाएगा।
- राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस ऊर्जा मंत्रालय के अधीन ऊर्जा दक्षता ब्यूरो की ओर से आयोजित किया जाता है।
- विदित हो कि राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (एनईसीए) भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की औद्योगिक इकाइयों/प्रतिष्ठानों/संगठनों को ऊर्जा बचत में उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिये दिये जाते हैं।



## साइबर फ्रॉड पर नकेल कसने के लिये देश के 7 राज्यों में 50 हॉटस्पॉट क्षेत्रों की तैयार की गई सूची

### चर्चा में क्यों ?

11 दिसंबर, 2023 को हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि साइबर फ्रॉड को रोकने के लिये हरियाणा पुलिस द्वारा देशभर में 7 राज्यों में 50 हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान की गई है, जहाँ से साइबर फ्रॉड के मामले रिपोर्ट किया जा रहे हैं।

### प्रमुख बिंदु

- इन मामलों से निपटने के लिये इन हॉटस्पॉट क्षेत्र में टीमों की तैनाती की गई है, ताकि साइबर फ्रॉड संबंधी मामलों को न केवल नियंत्रित किया जा सके, बल्कि आरोपियों तक पहुँचते हुए उन पर कार्यवाही की जा सके।
- हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि साइबर फ्रॉड के सबसे अधिक मामले राजस्थान से रिपोर्ट किये जा रहे हैं। राजस्थान में इस प्रकार के 21 हॉटस्पॉट क्षेत्र हैं, जहाँ इस प्रकार के फ्रोडस्टर्स की पहचान की गई है।
- इसी प्रकार उत्तर प्रदेश, झारखंड, दिल्ली, पश्चिम बंगाल एवं तेलंगाना सहित अन्य राज्यों में हॉटस्पॉट चिह्नित किये गए हैं।
- साइबर सुरक्षा की दिशा में आगे बढ़ते हुए साइबर हेल्पलाइन 1930 की टीम के साथ बैंक के नोडल अधिकारियों की टीम एकजुटता से कार्य कर रही है, ताकि साइबर फ्रॉड होने पर बैंक कर्मियों से तालमेल स्थापित करते हुए गोल्डन आवर में साइबर फ्रॉड का पैसा फ्रीज किया जा सके।







नोट :

## उप-मुख्यमंत्री ने हिसार हवाई अड्डे के एयर ट्रैफिक कंट्रोल रूम और टर्मिनल बिल्डिंग की रखी आधारशिला

### चर्चा में क्यों ?

11 दिसंबर, 2023 को हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने हिसार में राज्य सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे सहित लगभग 280 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और अनेक परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- हिसार के वर्तमान लोक निर्माण विश्राम गृह परिसर में ही अतिरिक्त भवन की आधारशिला रखने के उपरांत उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि हिसार का विश्राम गृह प्रदेश का सबसे बेहतरीन विश्राम गृह होगा, जिसमें एक सीएम सुईट, पाँच वीआईपी सुईट, अधिकारियों के 15 कमरे के अलावा 20 अन्य कमरों का निर्माण होगा।
- इसी परिसर में निर्माण सदन भी स्थापित किया जाएगा, जिसमें एक ही स्थान पर लोक निर्माण विभाग की विभिन्न तकनीकी शाखाओं के कार्यालय स्थापित होंगे।
- उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि हिसार शहर में एलिवेटेड रोड की फिजिबिलिटी को जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जाइका) ने मंजूरी दे दी है। इस रोड पर 7 एंट्री तथा 7 निकासी होगी।
- शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि दिल्ली का आईजीआई एयरपोर्ट लगभग 5250 एकड़ में है, जबकि हिसार हवाई अड्डे को 7200 एकड़ भूमि आवंटित की जा चुकी है।




## कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय एवं रेखी फाउंडेशन के बीच हुआ समझौता

### चर्चा में क्यों ?

12 दिसंबर, 2023 को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (केयू) ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में रेखी फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया।

नोट :

## प्रमुख बिंदु

- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन हैप्पीनेस' की सफल स्थापना और कार्यप्रणाली राज्य के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में भी इस केंद्र को स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करेगी।
- कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में हैप्पीनेस सेंटर स्थापित करने से शिक्षकों एवं छात्रों को अनुसंधान, प्रशिक्षण सहित शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्टता को बढ़ावा मिलेगा।
- रेखी फाउंडेशन के संकाय सदस्य विश्वविद्यालय, कॉलेज एवं संस्थान की फैकल्टी को वेल्यू एडेड कोर्सेज पढ़ाने के लिये ऑनलाइन एवं ऑफलाइन शिक्षण में अपनी सेवाएँ देंगे।
- इसके अलावा, रेखी सेंटर ऑफ एक्सिलेंस फॉर द साइंस ऑफ हैप्पीनेस कोर्स से संबंधित वेब पेज बनाया जाएगा तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में माइंड लैब भी स्थापित की जाएगी।
- विदित हो कि रेखी फाउंडेशन फॉर हैप्पीनेस वर्ष 2016 में डॉ. सतिंदर सिंह रेखी और उनकी पत्नी हरप्रीत रेखी द्वारा शुरू किया गया एक गैर-लाभकारी ट्रस्ट है। इस फाउंडेशन का लक्ष्य विभिन्न विश्वविद्यालयों में खुशी केंद्रों की स्थापना के माध्यम से 'खुशी विज्ञान और सकारात्मक मनोविज्ञान' के अभ्यास और ज्ञान का विस्तार करना है।






नोट :

## हरियाणा पुलिस द्वारा राज्य में ऑपरेशन आक्रमण किया गया संचालित

### चर्चा में क्यों ?

12 दिसंबर, 2023 को हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने बताया कि 10 दिसंबर, 2023 को हरियाणा पुलिस द्वारा राज्य में ऑपरेशन आक्रमण संचालित किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- इस ऑपरेशन के तहत 7079 पुलिसकर्मियों के साथ कुल 1390 टीम तैनात की गई है तथा उल्लंघनकर्त्ताओं के खिलाफ कुल 653 एफआईआर दर्ज की गई हैं।
- गृहमंत्री ने कहा कि कुल 653 एफआईआर में से 50 एफआईआर आईपीसी के तहत तथा 385 एफआईआर एक्साइज एक्ट के तहत दर्ज की गई हैं तथा कुल 1103 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।
- जुआ अधिनियम के तहत 131 एफआईआर, एनडीपीएस एक्ट के तहत 42 एफआईआर और आर्म्स एक्ट के अंतर्गत 56 एफआईआर दर्ज की गई।



नोट :

# नरवाना के गैबी साहिब मंदिर तालाब को बनाया जाएगा ऐतिहासिक धरोहर

## चर्चा में क्यों ?


13 दिसंबर, 2023 को हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि नरवाना के गैबी साहिब मंदिर तालाब को ऐतिहासिक धरोहर बनाया जाएगा।

### प्रमुख बिंदु

- उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि इस पर 5 करोड़ 63 लाख रुपए खर्च किये जाएंगे। इसके धरोहर बनने से नरवाना हल्का की अलग पहचान बनेगी।
- उप-मुख्यमंत्रीने बताया कि राज्य सरकार द्वारा नरवाना हल्के के विकास कार्यों के लिये अब तक 800 करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई है।
- उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक गाँवों में व्यायामशाला, पार्क, तालाबों का सौंदर्यीकरण, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत घर, युवाओं के लिये जिम का सामान, लाईब्रेरी, गाँव की फिरनी, सामूहिक चौपाल, गलियों का निर्माण व अन्य कार्यों का निर्माण करवाया गया है।
- उन्होंने बताया कि प्रदेश में 1100 लाइब्रेरियाँ बनाई जा चुकी हैं, इन लाइब्रेरियों के बन जाने से प्रत्येक गाँवों का युवा शिक्षित तो होगा ही, साथ ही उनको रोज़गार के अवसर भी प्रदान होंगे।







## हरियाणा लोक सेवा आयोग की सदस्य बनीं डॉ. सोनिया त्रिखा

### चर्चा में क्यों ?

12 दिसंबर, 2023 को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने राजभवन में हरियाणा लोक सेवा आयोग की सदस्य के रूप में डॉ. सोनिया त्रिखा को पद, निष्ठा एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

### प्रमुख बिंदु

- डॉ. सोनिया ने 11 दिसंबर, 2023 को हरियाणा सरकार के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक के पद से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली थी।
- डॉ. सोनिया अप्रैल, 2022 से हरियाणा सरकार के महानिदेशक स्वास्थ्य सेवा के रूप में प्राथमिक और माध्यमिक स्तर की सार्वजनिक क्षेत्र की सुविधाओं की देखरेख के लिये राज्य के स्वास्थ्य देखभाल प्रयासों का नेतृत्व किया था।
- डॉ. सोनिया ने दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी होर्डिंग मेडिकल कॉलेज से वर्ष 1991 में गोल्ड मेडल विशिष्टता के साथ एमबीबीएस और वर्ष 1995 में प्रसूति/स्त्री रोग विज्ञान में एमडी की डिग्री हासिल की थी।
- डॉ. सोनिया ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से स्वास्थ्य एवं अस्पताल प्रबंधन से वर्ष 2009 में स्नातकोत्तर डिप्लोमा तथा लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन जैसे प्रसिद्ध संस्थान से वर्ष 2013 में सार्वजनिक स्वास्थ्य में एमएससी की डिग्री हासिल की।
- डॉ. सोनिया अक्टूबर, 2014 से अक्टूबर, 2015 तक नई दिल्ली में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल विशेषज्ञ के पद पर कार्यरत थी।
- डॉ. सोनिया इससे पूर्व UNICEF के दिल्ली स्थित कार्यालय में फरवरी, 2010 से फरवरी, 2012 तक एचआईवी एवं एड्स विशेषज्ञ के तौर पर कार्यरत थी।



नोट :



## हरियाणा को ऊर्जा दक्षता सूचकांक में देशभर में मिला दूसरा पुरस्कार

### चर्चा में क्यों?

14 दिसंबर 2023 को हरियाणा के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग को ऊर्जा दक्षता सूचकांक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली राज्य नामित एजेंसी श्रेणी (समूह-1) में दूसरा पुरस्कार मिला है।

### प्रमुख बिंदु

- नई दिल्ली में आयोजित 33वें राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2023 समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा हरियाणा के ऊर्जा मंत्री चौधरी रणजीत सिंह को यह पुरस्कार प्रदान किया गया।
- वर्ष 2021-22 के मध्य राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक (एस.ई.ई.आई.) में हरियाणा का स्कोर 55 था जबकि डीएनआरई/हरेडा एवं हरियाणा के अन्य हितधारक विभागों के सहयोगात्मक प्रयासों से एसईईआई 2023 में 72 अंक प्राप्त किया है।
- प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता 1534 मेगावाट है तथा कुल मिलाकर 24 प्रतिशत से अधिक बिजली का उपयोग नवीकरणीय ऊर्जा से किया जा रहा है।
- विदित हो कि भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा ऊर्जा की खपत को कम करने के विशेष प्रयासों के लिए उद्योगों और प्रतिष्ठानों को सम्मान देने हेतु वर्ष 1991 में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों की योजना शुरू किया गया था।
- इस पुरस्कार के अंतर्गत उद्योगों, परिवहन, भवन, संस्थान और उपकरण जैसी विशिष्ट क्षेत्र/श्रेणियों के तहत ये पुरस्कार जारी किए जाते हैं। इन क्षेत्रों से लगभग 65 संकेतक हैं जो 100 अंक के पैमाने पर राज्य के प्रदर्शन का आकलन करते है।
- इस पुरस्कार के संस्थान श्रेणी के तहत पुरस्कार देश की राज्य नामित एजेंसी (एस.डी.ए.) को नीति, क्रियान्वयन और हितधारकों के साथ समन्वय में उनके सक्रिय सहयोग के लिए दिया जाता है।
- एस.डी.ए. श्रेणी के अंतर्गत 4 समूह हैं- समूह-1 में 15 मिलियन टन तेल समतुल्य (एम.टी.ओ.ई.) से अधिक खपत वाले राज्य है, समूत-2 में 5-15 एम.टी.ओ.ई. के राज्य, समूह-3 में 1-5 एम.टी.ओ.ई. के राज्य और समूह-4 में 1 एम.टी.ओ.ई. से कम खपत वाले राज्य हैं।
- ऊर्जा दक्षता ब्यूरों (बीईई), ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 के कियान्वयन के लिए केन्द्रीय नोडल एजेंसी है। जबकि नवीन नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा राज्य नामित एजेंसी (एसडीए) है।

नोट :





## हरियाणा ग्रुप-डी कर्मचारियों के लिए संशोधित स्थानांतरण नीति घोषित

### चर्चा में क्यों?

14 दिसंबर 2023 को हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने बताया कि प्रदेश सरकार ने हरियाणा ग्रुप-डी कर्मचारी अधिनियम, 2018 (कॉमन कैडर) के अंतर्गत आने वाले ग्रुप-डी कर्मचारियों के लिए अपनी स्थानांतरण नीति में संशोधन किया है।

### प्रमुख बिंदु

- इस संशोधित नीति का उद्देश्य ग्रुप-डी कर्मचारियों की चिंताओं को दूर करना एवं कॉमन काडर के भीतर अधिक पारदर्शी और कुशल स्थानांतरण प्रक्रिया को बढ़ावा देना है।
- इस संशोधित नीति के अंतर्गत प्रत्येक कर्मचारी को अवांछित पदों की पहचान करनी होगी (उनके संभावित आवंटन से बाहर करने के लिए) और निर्दिष्ट पोर्टल के माध्यम से स्थानांतरण के लिए पसंदीदा जिलों को प्राथमिकता देनी होगी।
- इस संशोधित नीति के अंतर्गत केवल प्रथम अनुसूची के क्रमांक-1 में सूचीबद्ध पदों (हरियाणा सरकार के विभागों में सफाई कर्मचारी, चौकीदार और सफाई कर्मचारी-सह-चौकीदार पदों को छोड़कर), पर नियमित आधार पर नियुक्त ग्रुप-डी कर्मचारी ही पात्र हैं।
- इस संशोधित नीति के तहत स्थानांतरण अभियान में भागीदारी के लिए आधार अथवा पीपीपी को एचआरएमएस से जोड़ना अनिवार्य है।
- इस संशोधित नीति के तहत एचआरएमएस में कुल रिक्त पदों में से केवल 80 प्रतिशत पदों पर ही विचार किया जाएगा। शेष 20 प्रतिशत अनुपलब्ध होगा साथ ही विभाग-वार और पद-वार गणना की जाएगी।








## नई शिक्षा नीति-2020 को 2025 तक पूरे प्रदेश में लागू करने का लक्ष्य

### चर्चा में क्यों?

14 दिसम्बर 2023 को हरियाणा के उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि पूरे प्रदेश में नई शिक्षा नीति-2020 को वर्ष 2025 तक लागू करने का लक्ष्य है।

### प्रमुख बिंदु

- उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति-2020 को 30 अगस्त,2021 से लागू करने की शुरुआत की गई थी।
- उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि वर्ष 2030 तक उच्चतर शिक्षा में लड़कियों का सकल नामांकन अनुपात 50 प्रतिशत से अधिक करना है।
- वर्तमान में हरियाणा में लड़कियों का सकल नामांकन अनुपात 32 प्रतिशत है।
- उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि स्नातक शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, थ्री-डी मशीन, डेटा-विश्लेषण, जैवप्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों के समावेशन से अत्याधुनिक क्षेत्रों में भी कुशल पेशेवर तैयार होंगे और युवाओं की रोजगार क्षमता में वृद्धि होगी।
- विदित हो कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एक समावेशी और प्रेरक नीति है, जिसका उद्देश्य भारत में शिक्षा प्रणाली का सुधार और परिवर्तन करना है।

## हरियाणा पुलिस और एचएसएनसीबी अत्याधुनिक अनूठी पहल हैकाथॉन की घोषणा

### चर्चा में क्यों?

16 दिसंबर 2023 को हरियाणा पुलिस और हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) ने संयुक्त तत्वावधान में एक अनूठी पहल हैकथॉन शुरू किया है।


### प्रमुख बिंदु

- इस हैकथॉन का उद्देश्य युवाओं को नशीली दवाओं एवं पदार्थों का सेवन करने से रोकना और उन्हें अपराध न करने के लिये प्रेरित करना है।
- हैकथॉन के तहत 14 जनवरी 2024 को पंचकूला में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।
- इस हैकथॉन के माध्यम से समाज का दृष्टिकोण बदलने के साथ ही ब्लॉकचेन, वेब 3, गेमीफिकेशन आदि तरीकों से पारंपरिक जागरूकता लाया जाएगा।
- इस हैकथॉन का लक्ष्य डिजिटल अनुभवों को तैयार करना है, जो नशीली दवाओं के दुरुपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जुड़ाव, समझ और जागरूकता को बढ़ावा देते हैं।

नोट :

- हरियाणा पुलिस के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि हैकथॉन के माध्यम से युवाओं में उन विचारों को बढ़ावा देना है, जो कानून और व्यवस्था बनाए रखने, सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने को प्रेरित करता हो।



## हरियाणा सरकार ने एम्स को रेवाड़ी - नारनौल रोड (एनएच-11) से जोड़ने के लिये आरओबी के निर्माण को दी मंज़ूरी

### चर्चा में क्यों?

16 दिसंबर 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एम्स को रेवाड़ी - नारनौल रोड (एनएच-11) से जोड़ने के लिये आरओबी के निर्माण की प्रशासनिक मंज़ूरी दी।

### प्रमुख बिंदु

- रेवाड़ी नारनौल रेलवे लाइन और रेवाड़ी नारनौल डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (DFCCIL) लाइन पर 251.08 करोड़ रुपये की लागत से एक रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण किया जाएगा।
- इस ग्रीन फील्ड परियोजना में 15 एकड़ भूमि और एनएच 11 और 6 लेन आरओबी पर फ्लाईओवर शामिल है।
- इस आरओबी के निर्माण होने से मरीजों, चिकित्सा पेशेवरों और आगंतुकों के लिये एम्स तक त्वरित और सुविधाजनक पहुंच सुनिश्चित होगी।
- भारत सरकार द्वारा एचएलएल इंफ्रा टेक. सर्विसेज लिमिटेड (HITES) को एम्स परियोजना के व्यापक विकास की देखरेख के लिये निष्पादन एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया है।
- प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप (पीएमजी) पोर्टल के माध्यम से इस परियोजना की सक्रिय निगरानी की जाएगी, जिससे इसके कार्यान्वयन में पारदर्शिता एवं जवाबदेहिता सुनिश्चित होगी।



## हरियाणा में महिलाओं के विरुद्ध अपराध में 12% की कमी

### चर्चा में क्यों ?

17 दिसंबर 2023 को हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बताया गया कि वर्ष -2023 में महिलाओं के विरुद्ध अपराध में 12% तक कमी दर्ज की गई है।

### प्रमुख बिंदु:

- बैठक में बताया गया कि डकैती संबंधी मामलों में वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में 30% की गिरावट दर्ज की गई है।
- इसके साथ ही छीना झपटी संबंधी मामलों में 18.33% जबकि गंभीर चोट संबंधी मामलों में 8% की गिरावट दर्ज की गई है।
- बैठक में बताया गया कि धारा 498 ए के तहत सभी तथ्यों की जांच पड़ताल करने उपरांत ही मुकदमा दर्ज किया जायेगा।
- पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि लोगों को साइबर अपराध से बचाव संबंधी जागरूकता के लिए बल्क एसएमएस सर्विस शुरू की जाएगी।
- पुलिस महानिदेशक ने पुलिस अधीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र से गुजरने वाले एनएच-152 डी, एनएच -44 तथा एनएच -9 पर लेन ड्राइविंग की पालना सुनिश्चित करें।
- पुलिस महानिदेशक ने बताया कि 1 से 13 दिसंबर तक लेन ड्राइविंग को लेकर 6000 वाहनों के चालान किए गए है।
- इस बैठक में पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने ग्राम प्रहरी योजना की भी समीक्षा की।





## श्रमिकों एवं फैक्ट्री मालिकों के लिए एक नई वेबसाइट और जीपीएस आधारित स्थान संकेतक किया गया लांच

### चर्चा में क्यों ?

19 दिसंबर 2023 को हरियाणा सरकार द्वारा श्रमिकों एवं फैक्ट्री मालिकों के लिए एक नई वेबसाइट (https://hrylabour.gov.in/) और जीपीएस आधारित स्थान संकेतक लांच किया है।

### प्रमुख बिंदु

- श्रम विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन ने बताया कि श्रमिक अपने आसपास के सहायता केंद्रों, विभागीय कार्यालयों, श्रम कल्याण कार्यालयों और स्वास्थ्य सेवाओं का न केवल स्थान की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे, बल्कि उन तक पहुंचने के लिए सर्वोत्तम मार्ग और आवश्यक जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे।
- श्रम विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन ने बताया कि इसके माध्यम से श्रम विभाग के कार्यालयों, सहायता केंद्रों, ईएसआई औषधालयों और अस्पतालों जैसी विभिन्न सुविधाओं की लोकेशन को शामिल किया गया है। इससे श्रमिकों को विभाग से सम्बंधित सभी क्षेत्रों की जानकारी एक ही पोर्टल पर उपलब्ध होगी।
- इस प्रणाली को विशेष रूप से उन श्रमिकों की सुविधा के लिए डिजाइन किया गया है जिन्हें अपने क्षेत्र की सटीक जानकारी नहीं होती थी। इससे उन्हें उनकी आवश्यकतानुसार सहायता मिल सकेगी और लाभ प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी जिनके वे पात्र हैं।
- श्रम विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन ने बताया कि श्रम विभाग के वेबसाइट के जरिए श्रमिकों को विभिन्न सेवाओं की विस्तृत जानकारी, सम्पर्क विवरण, सेवा घंटे और अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं भी उपलब्ध होंगी।



## हरियाणा 55000 से अधिक मोबाइल नंबर ब्लॉक करने वाला देश का पहला राज्य

### चर्चा में क्यों ?

19 दिसंबर 2023 को हरियाणा साईबर फ्रॉड से जुड़े 55000 से अधिक मोबाइल नंबरों को ब्लॉक करते हुए देश में पहले स्थान पर पहुंच गया है।

### प्रमुख बिंदु

- हरियाणा पुलिस ने वर्ष 2023 में 30 नवंबर तक प्रदेश की जनता के 66 करोड़ रूपये को ठगी होने से बचाया है।

- हरियाणा पुलिस द्वारा 29 साईबर थानों के माध्यम से 1707 साइबर ठगों की गिरफ्तारी करते हुए 2354 साइबर ठगी के मामले भी दर्ज किए हैं जिनमें से 409 हाई प्रोफाइल केस है।
- पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि साइबर हेल्पलाइन नंबर पर तैनात पुलिसकर्मियों की संख्या 35 से बढ़ाकर 70 कर दिया गया है।
- पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि पंचकूला 112 ईआरएसएस बिल्डिंग में स्थित नेशनल साईबर हेल्पलाइन 1930 मुख्यालय में 27 पुलिस कर्मचारी बतौर इंसिडेंट मैनेजर नियुक्त किए है।
- इन इंसीडेंट मैनेजरों की जिम्मेदारी होती है कि ठगी की रिपोर्टिंग हेल्पलाइन 1930 पर दर्ज होने पर ठगी की रकम जिस बैंक में गई है, तुरंत उस बैंक के नोडल अधिकारी से संपर्क कर, ठगी की रकम को फ्रीज़ करवाएं।





नोट :

## राष्ट्रीय खेल सम्मान से अलंकृत होंगे मध्य प्रदेश के 3 खिलाड़ी और 1 प्रशिक्षक

### चर्चा में क्यों ?

20 दिसंबर, 2023 को केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 की घोषणा की, जिसमें मध्य प्रदेश के तीन खिलाड़ियों का चयन अर्जुन अवार्ड के लिए और एक प्रशिक्षक का चयन द्रोणाचार्य पुरूस्कार के लिए किया गया है।

### प्रमुख बिंदु

- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु 9 जनवरी, 2024 को राष्ट्रपति भवन में खेलों के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल पुरूस्कार से सम्मानित करेंगी।
- विदित हो कि पहली बार मध्य प्रदेश के तीन खिलाड़ियों और एक प्रशिक्षक को राष्ट्रीय खेल सम्मान से अलंकृत किया जाएगा।
- मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के ओलंपिक खिलाड़ी एश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, पेरा कनोइंग की प्राची यादव और मध्य प्रदेश महिला हॉकी अकादमी की पूर्व खिलाड़ी और वर्तमान में हॉकी इंडिया की स्टार प्लेयर सुशीला चानू को राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ठ खेल पुरूस्कार अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। भारतीय हॉकी टीम के कोच शिवेंद्र सिंह को द्रोणाचार्य पुरूस्कार से सम्मानित किया जाएगा।
- एश्वर्य प्रताप सिंह तोमर – मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के स्टार शूटर एश्वर्य इस वर्ष संपन्न हुए एशियन गेम्स में सबसे सफल भारतीय एथलीट थे। उन्होंने एशियन गेम्स में दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। साथ ही एश्वर्य प्रताप सिंह ने वर्ल्ड रिकार्ड अपने नाम किया और 50 मी. रायफल थ्री पॉजीशन पुरूष एकल इवेंट में रजत पदक जीता।
- प्राची यादव – मध्य प्रदेश की पेरा केनो प्राची यादव ने हाल ही में आईसीएफ स्प्रिंट एंड पेरा केनो वर्ल्ड चैंपियनशिप, जर्मनी में चौथा स्थान प्राप्त कर पेरिस पेरा ओलंपिक के लिये क्वालिफाई किया। प्राची भारत की पहली एथलीट है जिन्होंने पेरिस पेरा ओलंपिक के लिये कोटा हासिल किया है।
- सुशीला चानू – मध्य प्रदेश महिला हॉकी अकादमी ग्वालियर की पहले बैच की उत्कृष्ठ खिलाड़ी सुशीला ने कई उपलब्धियाँ हासिल की है। जर्मनी में हुए विमेंस हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप में भारतीय टीम ने सुशीला की कप्तानी में कांस्य पदक हासिल किया था। 2014 एशियन गेम्स में उन्होंने भारतीय टीम को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई। 2016 रियो ओलंपिक में सुशीला भारतीय टीम की कप्तान थी।
- शिवेंद्र सिंह – मध्य प्रदेश के शिवेंद्र सिंह वर्तमान में भारतीय हॉकी टीम के कोचिंग स्टाफ में शामिल है। उन्होंने लगभग 160 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले है और लगभग 80 गोल अपने नाम किये है।




नोट :

## जल महोत्सव का 8वां संस्करण

### चर्चा में क्यों ?

20 दिसंबर, 2023 को खंडवा ज़िले के इंदिरा सागर बांध के जलाशय में जल पर्यटन के लिए देशभर में प्रसिद्ध हनुवंतिया टापू पर जल महोत्सव का 8वां संस्करण शुरू हो गया। महोत्सव का समापन 20 फरवरी को होगा।

### प्रमुख बिंदु

- कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जल महोत्सव की शुरुआत की।
- नर्मदा नदी पर बने इंदिरा सागर बांध के बेकवाटर में बसे निमाड़ का सिंगापुर कहे जाने वाले हनुवंतिया में दो माह तक पर्यटक टेंट सिटी, वाटर स्पोर्ट्स और जल, थल तथा आकाश की रोमांचक गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे।
- प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि यादगार और आरामदायक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए भव्य टेंट सिटी स्थापित की गई है। टेंट सिटी हनुवंतिया के सुंदर दृश्यों के बीच पर्यटकों को एडवेंचर एक्टिविटीज करने के बाद आराम करने और अपनों के साथ समय व्यतीत करने का बेहतरीन अवसर देंगे।
- कल्चरल एक्टिविटीज के साथ साथ यहाँ कई तरह की वैलनेस एक्टिविटीज का भी आयोजन किया जायेगा जो मध्य प्रदेश के मिनी गोवा में आये पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा।
- वाटर एडवेंचर एक्टिविटीज, पर्यटकों को रोमांचक और अद्वितीय अनुभव से सराबोर कर देंगे। जेट स्की, स्पीड बोट, बनाना राइड, बंपर राइड, हॉट एयर बैलून, लैंड पैरासेलिंग, पैरा मोटर, रिवर्स/इजेक्शन बंजी आर्चरी, बोट एवं वाटर एक्टिविटीज, एटीवी बाइक राइड, आइलैंड पर ट्रेकिंग - हाइकिंग, हाई रोप कोर्स, जिप लाइन, ज़ोरबिंग (वाटर एक्टिविटी), एयर गन शूटिंग, वॉल क्लाइंबिंग और अन्य गतिविधियों का आनंद पर्यटक ले सकेंगे।
- उल्लेखनीय हैं कि मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा सनसेट डेजर्ट कैंप के सहयोग से जल महोत्सव का आयोजन किया जाता है। पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए उच्चतम मानक अनुसार व्यापक इंतजाम किए गए हैं।



## ग्रामीण संवर्धन ग्रामीण जल आपूर्ति कार्यक्रम के तहत 75 करोड़ रुपये की 13 नई परियोजनाओं को मिली मंजूरी

### चर्चा में क्यों ?

20 दिसंबर 2023 को हरियाणा की ग्रामीण आबादी के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा 75 करोड़ रुपये से अधिक की 13 नई परियोजनाओं को लागू करने का निर्णय लिया गया है।

नोट :



### प्रमुख बिंदु

- ये परियोजनाएं राज्य के 6 जिलों अर्थात् भिवानी, चरखी दादरी, झज्जर, हिसार, कैथल और सिरसा में लागू होंगी।
- इन परियोजनाओं का क्रियान्वयन जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा की जाएगी।
- ग्रामीण संवर्धन ग्रामीण जल आपूर्ति कार्यक्रम के तहत नए कार्यों में करीब 24 करोड़ रुपये की लागत से भिवानी जिला में, 8.73 करोड़ रूपये से चरखी दादरी जिला में, 6.10 करोड़ रुपये से झज्जर जिला में परियोजनाओं को पूरा किया जाएगा।
- इसके साथ ही 16 करोड़ रुपये से हिसार जिला में, करीब 7 करोड़ रूपये से कैथल जिला में और 12.77 करोड़ रूपये की लागत से सिरसा जिला में ग्रामीण संवर्धन ग्रामीण जल आपूर्ति कार्यक्रम के तहत परियोजनाओं को पूरा किया जाएगा।

## कुलपति डॉ. राज नेहरू को मिलेगा नेशनल अवार्ड

### चर्चा में क्यों ?

18 दिसंबर 2023 को श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, दुधोला (पलवल) के कुलपति डॉ. राज नेहरू को 'नेशनल स्किल बेस्ड ट्रेनिंग एंड रिसर्च अवॉर्ड-2023' के लिए चुना गया है।



### प्रमुख बिंदु

- कुलपति डॉ. राज नेहरू को यह अवार्ड भारतीय विश्वविद्यालय परिसंघ (सीआईयू) के 20वें वार्षिक उत्सव में 29 दिसंबर 2023 को दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा।
- कुलपति डॉ. राज नेहरू देश के पहले राजकीय कौशल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति हैं।
- देश के पहले इन्नोवेटिव स्किल स्कूल की स्थापना कर उन्होंने केजी टू पीजी मॉडल की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में महत्वाकांक्षी उपलब्धि अर्जित की है।
- अर्न व्हाइल लर्न मॉडल शुरू करने का श्रेय भी कुलपति डॉ. राज नेहरू को जाता है। उन्होंने ऑन द जॉब ट्रेनिंग के माध्यम से विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ कमाई के अवसर प्रदान किए हैं।

## हरियाणा के 3 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 के लिए हुआ चयन

### चर्चा में क्यों ?

21 दिसंबर 2023 को हरियाणा के सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हरियाणा के तीन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया जाएगा।

### प्रमुख बिंदु

- राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 के अंतर्गत हरियाणा की गोल्फ खिलाड़ी दीक्षा डागर का चयन अर्जुन अवार्ड के लिए हुआ है।
- राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 के अंतर्गत कुश्ती में सुनील कुमार और अंतिम पंघाल को अर्जुन पुरस्कार मिलेगा।
- इसके साथ ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को मौलाना अबुल कलाम आज़ाद (एमएकेए) ट्रॉफी 2023 का द्वितीय उपविजेता घोषित किया गया है।
- विदित हो कि खेलों में उत्कृष्टता को पहचानने और सम्मानित करने के लिए प्रतिवर्ष युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय खेल पुरस्कार दिए जाते हैं।

नोट :

- वर्ष 2023 के लिए 2 खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार 2023 और 26 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार 2023 दिया जाएगा। जबकि 5 प्रशिक्षकों को द्रोणाचार्य पुरस्कार मिलेगा।
- इसके साथ ही साथ खेल और खेलों में जीवन पर्यंत उपलब्धि के लिए तीन खिलाड़ियों को ध्यानचंद पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया जाएगा।
- यह सभी राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 9 जनवरी 2024 को राष्ट्रपति भवन में एक विशेष रूप से आयोजित समारोह में भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किये जाएंगे।








## ड्रोन: भूमि का मानचित्रण, अपराधों से लड़ना और कृषि को बढ़ावा देना


### चर्चा में क्यों?

अधिकारियों के अनुसार, यातायात और अपराध पर निगरानी बढ़ाने से लेकर कृषि पद्धतियों में क्रांति लाने तक ड्रोन हरियाणा की प्रशासनिक कार्यशैली का एक अभिन्न अंग बन रहा है।

मुख्य बिंदु:

- ड्रोन इमेजिंग एंड इंफॉर्मेशन सिस्टम्स ऑफ हरियाणा (DRIISHYA) लिमिटेड द्वारा आयोजित एक बैठक में, मुख्य सचिव संजीव कौशल ने विभिन्न क्षेत्रों में ड्रोन प्रौद्योगिकी की क्षमता का दोहन करने के तरीकों का पता लगाया।
- राष्ट्रीय राजमार्गों पर ड्रोन-आधारित भूमि सर्वेक्षण शुरू करने के लिये एजेंसी डीसीपी ट्रैफिक, गुड़गांव के साथ सहयोग कर रही है।
- बढ़ती मांग को पूरा करने और नैनो-उर्वरक छिड़काव प्रदर्शनों के लिये डिज़ाइन किये गए छह विशेष कृषि ड्रोन के अलावा एजेंसी 20 नए बड़े पैमाने के ड्रोन के साथ अपने बेड़े को बढ़ाने के लिये भी तैयार है।
- हाल ही में दीनबंधु छोटू राम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल (सोनीपत) के साथ साझेदारी में आयोजित परीक्षाओं भर्ती अभियान में 20 ड्रोन और 16 सह-पायलटों को शामिल किया गया हैं।

# DRONE TECHNOLOGY



*Drone is a pilotless flying machine, using aerodynamics for lift, can operate autonomously or remotely, and may carry lethal or nonlethal cargo.*

## COMPONENTS

- Unmanned aircraft (UA)
- Control system (ground control station - GCS)
- Control link (specialized datalink)
- Other related support equipment

## CLASSIFICATION

*(as per Drone Rules, 2021)*

- Nano: <250 gm
- Micro: 250 gm to 2 kg
- Mini: 2 kg to 25 kg
- Small: 25 kg to 150 kg
- Large: >150 kg

## APPLICATIONS

- **Mapping & Surveying** (asset Inspection, roof inspections)
- **Agriculture** (bird control, crop spraying & monitoring etc)
- Multispectral/thermal/NIR cameras, **Aerial Photo/ videography** and Live streaming events
- **Emergency Response** (search and rescue, marine rescue, fire fighting)
- **Disaster** (zone mapping, disaster relief etc)
- **Mining**
- **Monitoring Poachers**
- **Meteorology**, Aviation, Payload carrying

## DRONES IN DEFENCE

*Purpose*

- Surveillance and Reconnaissance
- Search and Rescue
- Maritime Surveillance
- Combat Drones
- Offensive (heterogeneous SWARM drones)
- Counter-Terrorism Operations

*India's Counter-Drone System*

- **Indrajaal** (India's inaugural autonomous drone-defense dome)
- Procurement of combat-capable **Heron drones from Israel**
- Acquisition of **MQ-9B Armed Drones from the US**

## RELATED REGULATIONS

- Aircraft (Security) Rules, 2023
- Drones Rules, 2021 and Drone (Amendment) Rules, 2022

## INDIA'S INITIATIVES

- Digital Sky Platform
- No-Permission-No-Takeoff (NPNT) framework
- PLI Scheme for Drones
- Drone Shakti Scheme

## ISSUES

- Increased risk of armed attacks
- Data security
- **Cheaper cost** enables a larger population to procure drones
- Use of drones in warfare **(remote warfare)**
- **Procurement by non-state actors** can pose serious threats
- Ease in **delivering mass destruction weapons**

Drishti IAS

# अवैध आप्रवासन और मानव तस्करी के मामले

## चर्चा में क्यों ?

सूत्रों के अनुसार, हरियाणा के उत्तरी ज़िलों में अवैध प्रवासन और मानव तस्करी के मामलों में वृद्धि हुई है।

नोट :

### मुख्य बिंदु:

- हरियाणा के निवासियों ने बेहतर आजीविका की तलाश में अवैध तरीकों से विदेश पहुँचने के लिये बड़ी मात्रा में धन का भुगतान किया है।
  - संयुक्त राज्य अमेरिका (USA), यूनाइटेड किंगडम (UK) और कनाडा इन निवासियों के सबसे पसंदीदा स्थान हैं।
- हरियाणा पुलिस के अनुसार अवैध अप्रवास और मानव तस्करी से संबंधित 645 मामले दर्ज हैं।
- इसके चलते एक राज्य स्तरीय विशेष जाँच दल (SIT) का गठन किया गया है, जिसका नेतृत्व अंबाला रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (IGP) कर रहे हैं।
- अवैध अप्रवास और मानव तस्करी के लिये सक्रिय ज़िले अंबाला, कुरूक्षेत्र, कैथल, करनाल, पानीपत और यमुनानगर के कुछ हिस्से, जिंद और फतेहाबाद हैं।

## कार्योत्तर पर्यावरणीय मंज़ूरी प्राप्त करने वाली हरियाणा की पहली परियोजना

### चर्चा में क्यों?

हाल ही में संरक्षित अरावली भूमि पर बने एक निजी विश्वविद्यालय को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEF&CC) द्वारा कार्योत्तर मंज़ूरी दी गई थी।

- वन संरक्षण अधिनियम (FCA), 1980 में संशोधन के बाद से कार्योत्तर पर्यावरणीय मंज़ूरी प्राप्त करने वाली यह हरियाणा की पहली परियोजना है।




### प्रमुख बिंदु:


- पंजाब भूमि संरक्षण अधिनियम (PLPA), 1900 की धारा 4 और 5 के तहत वर्गीकृत, विश्वविद्यालय 13.6 हेक्टेयर अरावली भूमि पर स्थित है, जो पूर्व अनुमति के बिना वनों की कटाई, पुनर्विक्रय तथा भूमि के विखंडन पर रोक लगाता है।
- संशोधित अधिनियम के कारण, सरकार उन परियोजनाओं या उद्योगों को मंज़ूरी दे सकती है, जिन्होंने पूर्व पर्यावरणीय मंज़ूरी प्राप्त किये बिना कार्य करना शुरू कर दिया है तथा अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप समीक्षा के बाद उनके पर्यावरणीय प्रभाव का खुलासा कर सकती है।

- समिति ने कुछ शर्तों पर अपनी मंज़ूरी दी:
  - भूमि किसी राष्ट्रीय उद्यान, वन्यजीव अभयारण्य, हाथी या बाघ अभयारण्य का हिस्सा नहीं होना चाहिये।
  - विश्वविद्यालय प्रतिपूरक वनीकरण के लिये गैर-वन भूमि के बराबर क्षेत्र की पहचान करेगा और उस पर वृक्षारोपण करेगा।
- असाधारण मामलों में क्षेत्रीय वन विभाग कार्यालयों को ऐसे प्रस्तावों की जाँच करने और उन पर कार्रवाई करने तथा उचित निर्णयों के लिये टिप्पणियों एवं सिफारिशों के साथ मंत्रालय को अग्रेषित करने का निर्देश दिया गया है।
- संशोधित FCA में कहा गया है कि यह भारतीय वन अधिनियम, 1927 के अनुसार वन के रूप में "अधिसूचित" भूमि पर लागू होगा। संशोधित FCA 12 दिसंबर, 1996 से पहले राज्य द्वारा अधिकृत किसी भी सरकारी प्राधिकरण द्वारा वन से गैर-वन उद्देश्यों के लिये परिवर्तित क्षेत्रों पर लागू नहीं है।
- 12 दिसंबर, 1996 को सर्वोच्च न्यायालय ने भारत संघ बनाम टी.एन गोदावर्मन मामले में FCA को ऐसे किसी भी क्षेत्र में लागू करने का आदेश दिया गया, जहाँ इसके "वन" शब्द को उसके "शब्दकोश के अर्थ" के अनुसार समझा जाना चाहिये।

## सतलज-यमुना लिंक नहर

### चर्चा में क्यों?

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे, क्योंकि सतलज-यमुना लिंक (SYL) नहर मुद्दे पर पहले आयोजित बैठक पर हरियाणा तथा पंजाब के बीच विवाद सुलझाने में विफल रहा था।




### मुख्य बिंदु:

- SYL के निर्माण के महत्त्व को रेखांकित करते हुए पंजाब सरकार केंद्र सरकार को एक हलफनामा सौंपेगी, जिसमें SYL और पानी की स्थिति के बारे में विवरण दिया जाएगा।
- अधिकारियों के अनुसार, पंजाब के पास हरियाणा के साथ साझा करने के लिये कोई अधिशेष पानी नहीं है तथा अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के अनुसार उपलब्धता के पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता है।
  - पंजाब में 76.5% ब्लॉक (153 में से 117) का अत्यधिक दोहन किया गया है। यहाँ भूजल दोहन 100% से अधिक होने का अनुमान है। जबकि हरियाणा में अतिदोहित ब्लॉकों का आँकड़ा 61.5% (143 में से 88) है।
- इससे पहले शीर्ष न्यायालय ने केंद्र सरकार को पंजाब में उस ज़मीन का सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया था जो SYL नहर के निर्माण के लिये सौंपी गई थी।